दिन– शुक्रवार दिनांक– 21/02/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा का आज अंतिम दिन। पटना जिले को पांच सौ विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।

02. महाशिवरात्रि पर अमृत स्नान के लिए महाकुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने किये विशेष प्रबंध। पूर्व मध्य रेलवे के उन्नीस स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाये गये।

03. शिक्षा विभाग ने अनियमितता की शिकायत मिलने के बाद संविदा पर नियुक्त और आउटसोर्स कर्मियों के स्कूल निरीक्षण पर लगायी रोक।

04. और, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने बांग्लादेश को छह विकेट से पराजित किया।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी प्रगति यात्रा के अंतिम दिन पटना जिले को पांच सौ विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि मुख्यमंत्री पटना में मल्टी लेवल कार पार्किंग और मॉडल वेंडिंग जोन का उद्घाटन करेंगे। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

मुख्यमंत्री आज पटना में एक हजार पांच सौ इकतीस करोड़ रूपये की लागत से निर्मित पांच सौ योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री का पहला कार्यक्रम बाढ़ में होगा, जहां विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी। इसके बाद दनियावां और मनेर में भी विकास कार्यों की शुरुआत होगी। शहरी क्षेत्र में भी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री पटना समाहरणालय में आयोजित समीक्षा बैठक में शामिल होकर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चौबीस फरवरी को भागलपुर आयेंगे। वे हवाई अड्डा मैदान में आयोजित कार्यक्रम से देशभर के किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि योजना की उन्नीसवीं किस्त की राशि जारी करेंगे। इसके अंतर्गत नौ करोड़ सत्तर लाख किसानों को बीस हजार करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि जारी की जाएगी। बिहार के छिहत्तर लाख किसानों के खाते में उन्नीसवीं किस्त की राशि के रूप में एक हजार छह सौ करोड़ रूपये अंतरित किये जायेंगे।

———प्रोमो———

———————————————————————————

महाशिवरात्रि पर अमृत स्नान के लिए महाकुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुये रेलवे ने कई प्रबंध किये हैं। रेलवे द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि पूर्व मध्य रेलवे के उन्नीस प्रमुख स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया का निर्माण करवाया गया है। पटना के तीन स्टेशन–पटना जंक्शन, राजेन्द्रनगर टर्मिनल और दानापुर में दो–दो होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं। इसके अलावा आरा, बक्सर, बेगूसराय, दरभंगा और सहरसा समेत अन्य स्टेशनों पर भी होल्डिंग एरिया का निर्माण करवाया गया है। होल्डिंग एरिया में यात्रियों के बैठने, पेयजल और रेलगाड़ियों की जानकारी के लिए इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले लगाया गया है। साथ ही इन सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

———————————————————————————

शिक्षा विभाग के कार्यालयों में संविदा पर नियुक्त और आउटसोर्स कर्मी अब स्कूलों का निरीक्षण नहीं करेंगे। विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि अब विद्यालयों के निरीक्षण कार्य जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समेत छह नामित अधिकारी ही करेंगे। गौरतलब है कि संविदा और आउटसोर्स कर्मियों द्वारा जमा किये गये निरीक्षण प्रतिवेदन में बड़े पैमाने पर अनियमितता का मामला सामने आया था। जांच में निरीक्षण रिपोर्ट तथा स्थल की वास्तविक स्थिति में काफी अंतर मिला था।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम मार्च महीने के अंतिम सप्ताह और मैट्रिक परीक्षा का परिणाम अप्रैल महीने के पहले सप्ताह में घोषित कर दिया जायेगा। बोर्ड अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य इसी महीने शुरू होगा। उनहोंने बताया कि किन्ही कारणों से यदि किसी विद्यार्थी की परीक्षा छूट गयी है तो वे अप्रैल महीने में आयोजित होने वाली विशेष परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इसका रिजल्ट मई महीने में जारी होगा। श्री किशोर ने बताया कि कम्पार्टमेंटल परीक्षा भी अप्रैल महीने में ही आयोजित की जायेगी।

———————————————————————————

मैट्रिक परीक्षा के चौथे दिन कल कदाचार के आरोप में छह परीक्षार्थी निष्कासित किये गये। भोजपुर और नवादा से दो–दो तथा सारण और नालंदा जिले से एक–एक परीक्षार्थी का निष्कासन हुआ है। वहीं, दूसरे के बदले परीक्षा दे रहे नौ फजी अभ्यर्थी पकड़े गये हैं।

————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने नियोजित शिक्षकों के लिए तृतीय चरण की सक्षमता परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। परीक्षा के लिए कल से आवेदन लिये जायेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि बारह मार्च निर्धारित है। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि परीक्षा का आयोजन मई महीने में सम्भावित है।

————————————————————————

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू ने कहा है कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में एक लाख तेईस हजार नौ सौ छत्तीस जलापूर्ति योजनाओं का निर्माण किया गया है। श्री बबलू राष्ट्रीय जल मिशन द्वारा राजस्थान के उदयपुर में आयोजित दूसरे अखिल भारतीय जल मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बिहार में एक करोड़ चौहत्तर लाख से अधिक घरों में हर घर नल का जल योजना के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

————————————————————————

पंचायती राज विभाग ने कहा है कि राज्य में अब तक पच्चीस हजार बानवे सार्वजनिक कुआं और अठारह हजार तीन सौ उनतालीस सोख्ता का निर्माण करवाया जा चुका है। पन्द्रहवें वित्त आयोग की अनुशंसा से प्राप्त राशि का तीस प्रतिशत हिस्सा इस पर खर्च किया गया है। विभाग ने कहा है कि कुआं और सोख्ता के निर्माण से राज्य के भू–जल स्तर में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है।

————————————————————————

और अब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की खबरों के साथ हैं, हमारे संवाददाता मुकेश कुमार बल–

———रिपोर्ट———

————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव आज पटना जिले के चौदह विधानसभा क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। श्री यादव कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम के तहत अब तक सैंतीस जिलों के कुल दो सौ उनतीस विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कर चुके हैं।

————————————————————————

राजद के राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी डॉक्टर राम चंद्र पूर्वे ने पूर्व विधान पार्षद डॉक्टर तनवीर हसन को सांगठनिक सत्र दो हजार पच्चीस–अट्ठाईस के लिए बिहार का राज्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोनित किया है। पार्टी के सहायक राष्ट्रीय निर्वाचन

पदाधिकारी चितरंजन गगन ने बताया कि अन्य राज्यों के लिए भी राज्य निर्वाचन पदाधिकारियों के मनोनय की प्रक्रिया जारी है।

———————————————————————

नीति आयोग ने पूर्णियां के जिलाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा मैट्रिक और इंटरमीडिएट के छात्र–छात्राओं के लिए शुरू की गयी पूर्णियां लाईव क्लासेस पहल की सराहना की है। नीति आयोग की एक टीम ने इस प्रयोग को हर सम्भव सहयोग देने का भी आश्वासन दिया है। पूर्णियां लाईव क्लासेस के तहत जिलाधिकारी ने चुने हुये शिक्षकों की एक टीम बनाकर मैट्रिक और इंटरमीडिएट के छात्र–छात्रों के लिए ऑनलाईन पढ़ाई की व्यवस्था सुनिश्चित की। यू–ट्यूब पर उपलब्ध होने के कारण पूर्णियां लाईव क्लासेस में जिले के बाहर के विद्यार्थी भी शामिल हो रहे हैं।

———————————————————————

राज्य निर्वाचन आयोग नवादा जिले के रोह प्रखंड के भट्ठा पंचायत की मुखिया शोभा देवी को पदमुक्त करने का आदेश दिया है। आयोग द्वारा इस संबंध में जारी पत्र में कहा गया है कि शोभा देवी ने जीविका में काम करते हुये मुखिया का चुनाव लड़ा था, जिस कारण उन्हें पदमुक्त किया जाता है। आयोग ने जिलाधिकारी को मुखिया के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई करने का भी आदेश दिया है।

———————————————————————

राजस्व आसूचना निदेशालय, डीआरआई की टीम ने पाकिस्तान में छपे जाली नोट की बरामदगी के मामले में खगड़िया से एक आरोपी मोहम्मद फिरदौस को गिरफ्तार किया है। वह जिले के गोगरी थाना क्षेत्र के राटन गांव का रहने वाला है। उसके पास से लैप टॉप, प्रिंटर, नोट छापने के उपकरण और कई अन्य आपत्तिजनक कागजात बरामद किये हैं।

———————————————————————

गया के पिपरपांती मुहल्ले से पुलिस ने हवाला कारोबार का उद्भेदन करते हुये एक युवक को एक करोड़ छह लाख रूपये से अधिक की धनराशि के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक राजस्थान का रहने वाला है। पुलिस की सूचना पर आयकर विभाग की टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

———————————————————————

आरा शहर के एक परीक्षा केन्द्र पर मैट्रिक परीक्षार्थी की पिटाई करने के मामले में पुलिस अधीक्षक ने आरोपी सिपाही सुजीत कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

———————————————————————————

गया जिले के धनगाई जंगल से पुलिस ने एक लाख रूपये के ईनामी नक्सली सुरेश सिंह भोक्ता को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली पर गया और औरंगाबाद जिले के कई थानों में मामले दर्ज हैं।

———————————————————————————

बिहार एसटीएफ की टीम ने बेउर थाना क्षेत्र से पचास हजार रूपये के ईनामी अपराधी रमेश राय को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी पर हत्या और आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं।

———————————————————————————

पटना के बिक्रम थाना क्षेत्र में मोटरसाईकिल सवार चार छात्र एक ट्रक की चपेट में आ गये। इनमें से एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि तीन अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। ये सभी सीबीएसई की दसवीं बोर्ड की परीक्षा देकर पालीगंज लौट रहे थे।

———————————————————————————

अरवल जिले के कलेर थाना क्षेत्र के आगानूर गांव के पास पुलिस ने एक ट्रक से एक हजार सात सौ इक्यानवे लीटर शराब बरामद कर चालक और उपचालक को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के केसरिया में कल से तीन दिवसीय केसरिया मोहत्सव की शुरूआत हुई। महोत्सव का उद्‌घाटन शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने किया। महोत्सव में कई जाने–माने कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– नालंदा के सरमेरा में कृषि अनुसंधान केन्द्र खुलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान की घोषणा।

दैनिक भास्कर लिखता है– एएआई ने पूर्णियां एयर पोर्ट पर टर्मिनल बनाने को मंजूरी दी।

दैनिक जागरण ने मेट्रो सर्वे की खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– गया में सबसे लम्बा मेट्रो रूट, दरभंगा में सबसे छोटा। बोधगया गया तक जायेगी मेट्रो।

प्रभात खबर लिखता है– राज्य में होने वाले साईबर अपराध से एक सौ छिहत्तर साईबर कमांडो निबटेंगे।

राष्ट्रीय सहारा और आज अखबार ने दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की शपथ ग्रहण से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा का आज अंतिम दिन। पटना जिले को पांच सौ विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।

02. महाशिवरात्रि पर अमृत स्नान के लिए महाकुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने किये विशेष प्रबंध। पूर्व मध्य रेलवे के उन्नीस स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाये गये।

03. शिक्षा विभाग ने अनियमितता की शिकायत मिलने के बाद संविदा पर नियुक्त और आउटसोर्स कर्मियों के स्कूल निरीक्षण पर लगायी रोक।

04. और, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने बांग्लादेश को छह विकेट से पराजित किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।